
स्वास्थ्य शिविर

राज्यपाल मंगू भाई पटेल ने कन्हारीकला में बैगा परिवारों को दुधारू पशु सौंपकर दिया आर्थिक सशक्तिकरण का मंत्र

# पशुपालन से अतिरिक्त आय कर सकते हैं अर्जित : राज्यपाल





**भुआबिछिया, नवभारत।** प्रदेश के राज्यपाल मंगु भाई पटेल ने बिछिया विकासखंड के ग्राम कन्हारीकला में आयोजित मुख्यमंत्री दुधारू पशु प्रदाय योजना एवं स्वास्थ्य शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में उनके साथ लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उइके और पशुपालन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल भी मंचासीन रहे।

राज्यपाल ने मंडला, डिंडौरी और बालाघाट जिले के कुल 94 बैगा हितग्राहियों को मुख्यमंत्री दुधारू पशु प्रदाय योजना के तहत उन्नत नस्ल के पशु प्रदान किए। उन्होंने हितग्राहियों को संबोधित करते हुए कहा कि पशुपालन से प्रतिदिन 500 तक की अतिरिक्त आय अर्जित की जा सकती है। उन्होंने आह्वान किया कि ग्रामीण पहले बच्चों के पोषण के लिए दूध का उपयोग करें और फिर अतिरिक्त दूध बेचकर आर्थिक रूप से सशक्त बनें। स्वास्थ्य शिविर के दौरान राज्यपाल ने सिकल सेल एनीमिया को नियंत्रित करने के लिए समय पर जांच और डिजिटल कार्ड के मिलान पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि प्रदेश में अब तक 1.28 करोड़ लोगों की जांच की जा चुकी है। उन्होंने युवाओं को सलाह दी कि विवाह के समय सिकल सेल डिजिटल कार्ड का मिलान अवश्य करें ताकि आने वाली पीढ़ियों को इस आनुवंशिक बीमारी से बचाया जा सके।

### हितलाभ वितरण के साथ अनुभव किए साझा

समारोह में राज्यपाल एवं मंत्रियों ने विभिन्न योजनाओं के तहत प्रमाण पत्र और चेक वितरित किए। इनमें डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना के तहत 11.40 लाख का चेक, सिकल सेल कार्ड, और टीबी फूड बास्केट शामिल रहे। कार्यक्रम में 15 वर्षीय अर्चना यादव ने सिकल सेल के उपचार से स्वास्थ्य में आए सुधार का अपना अनुभव भी साझा किया।

### सांस्कृतिक प्रस्तुति के साथ किया संवाद

राज्यपाल ने बैगा जनजातीय नृत्य दल की प्रस्तुति की सराहना करते हुए संस्कृति संरक्षण पर बल दिया। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने ग्रामीणों के बीच पहुँचकर बच्चों को दुलार किया और उन्हें बेहतर शिक्षा दिलाने के लिए प्रेरित किया।

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, बिछिया विधायक नारायण सिंह पट्टा, नगर परिषद बिछिया अध्यक्ष श्रीमती रजनी मरावी, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, प्रफुल्ल मिश्रा, जनपद अध्यक्ष बिछिया शकुना उइके, सरपंच श्रीमती शालिनी उइके सहित अन्य जनप्रतिनिधि, प्रमुख सचिव पशुपालन उमाकांत उमराव, एमडी एनएचएम डॉ. सलोनी सिडाना, कमिश्नर जबलपुर संभाग धनंजय सिंह, आईजी ललित साक्यवार, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, सीईओ जिला पंचायत शाश्वत सिंह मीना, एसमडीएम बिछिया सुश्री सोनाली देव सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में हितग्राही एवं ग्रामीणजन मौजूद थे।

# आज नारायणगंज में गूंजेंगे हनुमान चालीसा के स्वर

51 सुंदरकांड पाठ के साथ स्थापित होंगे संकटमोचन, निकलेगी भव्य कलश यात्रा



**नारायणगंज।** क्षेत्र के हनुमानगंज चौक पड़रिया नारायणगंज आज श्रद्धा और भक्ति का सैलाब उमड़ने वाला है। यहाँ श्री हनुमान प्रकटोत्सव एवं त्रिदिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया जाएगा। इस पावन महोत्सव में विधि-विधान से मूर्ति स्थापना के साथ-साथ कई धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होंगे, जिसमें क्षेत्र के समस्त धर्मप्रेमी नागरिकों को आमंत्रित किया गया है।

आयोजन समिति ने बताया कि उत्सव का शुभारंभ 31 मार्च से शुरू हो गया है। धार्मिक आयोजन के प्रथम दिन देवी-देवताओं का पूजन, पंचांग पीठ स्थापना एवं अधिवास के साथ अनुष्ठान प्रारंभ किया गया। आज बुधवार सुबह 9 बजे से भव्य कलश यात्रा एवं शोभायात्रा गई। इस दौरान प्रभु का नगर भ्रमण कराया के साथ मूर्ति स्थापना व आवरण पूजन संपन्न हुआ। आज गुरुवार को प्रात: 6 बजे से मुख्य प्राण-प्रतिष्ठा, अभिषेक एवं विशेष श्रृंगार किया जाएगा। इसके बाद दोपहर 12 बजे से हवन-पूजन एवं विशाल भंडारे का आयोजन होगा।

इस धार्मिक महोत्सव का मुख्य आकर्षण 51 सुंदरकांड पाठ का सामूहिक गायन होगा। इसके साथ ही निरंतर भजन-कीर्तन के माध्यम से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय रहेगा। कार्यक्रम के समापन पर भव्य अन्नदान का संकल्प भी लिया गया है। यह संपूर्ण धार्मिक अनुष्ठान ज्योतिषाचार्य डॉ. अर्जुन पांडे के पावन सानिध्य और कुशल मार्गदर्शन में संपन्न कराया जाएगा। आयोजन समिति एवं समस्त ग्रामवासियों ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पधारकर धर्मलाभ उठाएं और इस दिव्य महोत्सव को सफल बनाएं।

### आज शेष नाग मंदिर में उमड़ेगा श्रद्धालुओं का सैलाब



सामाजिक कार्यकर्ता सुधीर कांसकार ने बताया कि आज जिला पंचायत के सामने स्थित सुप्रसिद्ध हनुमान शेष नाग मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव की शुरुआत तड़के हनुमान जी को चोला चढ़ाने के साथ होगी। इस अवसर पर न केवल संकटमोचन हनुमान, बल्कि भगवान भोलेनाथ, शेषनाग और रामलला का भी मनमोहक श्रृंगार किया जाएगा। अभिषेक और पूजन के बाद महाआरती संपन्न होगी। वहीं जन्मोत्सव पर विशाल भंडारे और महाप्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई है।

# चिलचिलाति धूप के बीच राहगीरों को मिलेगी राहत



जन अभियान परिषद और जनकल्याण समिति ने स्थापित किया प्याऊ

**नारायणगंज।** बढ़ती गर्मी और तपिश को देखते हुए विकासखंड नारायणगंज के ग्राम मानेगांव में एक सराहनीय सामाजिक पहल की गई है। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद और जनकल्याण सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में राहगीरों के लिए जल मंदिर (प्याऊ) का शुभारंभ किया गया।

नव अंकुर संस्था जनकल्याण सेवा समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों की उपस्थिति में ग्राम के मुख्य चौराहे पर स्थित विशाल पीपल के पेड़ के नीचे इस जल मंदिर की स्थापना की गई। इस प्याऊ के माध्यम से यहाँ से गुजरने वाले मुसाफिरों, राहगीरों और स्थानीय ग्रामीणों को भीषण गर्मी में स्वच्छ और शीतल पेयजल सुलभ हो सकेगा।

### पुण्य का कार्य है जल सेवा : राजेंद्र प्रसाद

कार्यक्रम के दौरान जिला समन्वयक राजेंद्र प्रसाद चौधरी ने संबोधित करते हुए कहा कि तपन भरे इस मौसम में प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। उन्होंने समिति की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी छोटी-छोटी कोशिशें समाज में बड़ा बदलाव लाती हैं और जनहित में यह एक अत्यंत महत्वपूर्ण कदम है।

### ग्रामीणों ने जताया आभार

स्थानीय ग्रामीणों ने इस सामाजिक कार्य का स्वागत किया है। ग्रामीणों का कहना है कि मुख्य चौराहे पर प्याऊ न होने से यात्रियों को काफी असुविधा होती थी, लेकिन अब उन्हें शुद्ध पेयजल के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। इस अवसर पर जन अभियान परिषद के सदस्य, समिति के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## 24 घंटों के लिए बंद रहेगा मार्ग !

**जबलपुर, नवभारत।** देश को अंग्रेजों की गुलामी से आजाद हुए 78 साल पूरे हो चुका है, किंतु अभी भी जबलपुर में उनके कुछ कानून अमल में लाये जा रहे हैं, जिनमें सुरक्षा संस्थानों की सड़कों का उपयोग करने पर हर वर्ष 24 घंटे का प्रतिबंध लगाना शामिल है। इस बार फिर से आयुध निर्माणी खमरिया (ओएफके) ने अपने क्षेत्र की समस्त सड़कों को अगले 24 घंटे तक प्रवेश करने से निषिद्ध कर दिया है। ओएफके प्रशासन ने इसके लिए बकायदा सार्वजनिक सूचना क्षेत्र में प्रसारित की है, जिसमें स्पष्ट किया गया है कि 31 मार्च की अर्धरात्रि 12 बजे से 1 अप्रैल की रात 12 बजे (24 घंटे) तक प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी आयुध निर्माणी खमरिया इस्टेट से आने-जाने वाले सभी मार्ग आमजनों के लिए बंद रहेंगे ओएफके प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इन 24 घंटों में केवल आपातकालीन सेवाएं जैसे एम्बुलेंस, स्टाफ कारों, स्कूल बसों एवं अग्निशमन को ही प्रवेश की अनुमति होगी।





# किसानों को दी गई मुआवजा और अधिग्रहण की जानकारी

नक्शों के जरिए समझाया नेशनल हाईवे का रूट, शंकाओं का मौके पर हुआ समाधान

**नैनपुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 543 के प्रस्तावित निर्माण को लेकर प्रशासन ने प्रभावित किसानों और ग्रामीणों को जागरूक करने की मुहिम तेज कर दी है। इसी कड़ी में नैनपुर अनुभाग के अंतर्गत आने वाले कजरवाड़ा, जेहरमऊ, अमझर, चिरईडोंगरी, सांगवा, अतरिया, गोंझी, उमरिया, धनौरा, इटका, धतूरा, डीलवाड़ा, जामगांव और ईश्वरपुर सहित अनेक ग्रामों में विशेष शिविरों का आयोजन किया गया।

आयोजित इन शिविरों में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नैनपुर आशुतोष ठाकुर सहित एनएचपीडब्ल्यूडी और राजस्व विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित किया। अधिकारियों ने राजस्व नक्शों के माध्यम से स्पष्ट किया कि प्रस्तावित हाईवे किन-किन भूमि खंडों से होकर गुजरेगा और कितनी भूमि अधिग्रहित की जा रही है। किसानों को कलेक्टर गाइडलाइन के आधार पर निर्धारित मुआवजा राशि, परिसंपत्तियों का मूल्यांकन और ब्याज सहित मिलने वाली कुल राशि के बारे में विस्तार से बताया गया।

### विवाद निपटारे की प्रक्रिया

शिविर के दौरान अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यदि कोई हितग्राही निर्धारित मुआवजे या अवार्ड से संतुष्ट नहीं है, तो वह नियमानुसार कलेक्टर न्यायालय में आर्बिट्रेशन हेतु आवेदन कर सकता है। प्रशासन का मुख्य उद्देश्य भूमि अधिग्रहण की संपूर्ण प्रक्रिया को पारदर्शी और कृषक हितैषी बनाना है। उपस्थित ग्रामीणों ने भी योजना को लेकर अपने प्रश्न और सुझाव साझा किए, जिनका मौके पर ही प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा निराकरण किया गया। इस पहल से प्रभावित परिवारों में योजना को लेकर स्पष्टता आई है, जिससे विकास कार्यों को गति मिलने की उम्मीद है।

# अनियंत्रित होकर 30 फिट गहरी खाई में गिरा हाईवा, चालक और हेल्पर का किया सुरक्षित रेस्क्यू

नारायणगंज के ग्राम सहजनी की घटना, ग्रामीणों की मदद से वाहन में फंसे हेल्पर को निकाला बाहर





**नारायणगंज।** मंडला-जबलपुर नेशनल हाईवे 30 मार्ग पर स्थित नारायणगंज के ग्राम सहजनी में सुबह एक भीषण सड़क हादसा हो गया। यहाँ मंडला से जबलपुर की ओर जा रहा एक तेज रफ्तार हाईवा अनियंत्रित होकर सड़क से करीब 20 से 30 फिट नीचे गहरी खाई में जा गिरा। हादसा इतना जबरदस्त था कि हाईवा के परखच्चे उड़ गए और उसका हेल्पर केबिन के मलबे में बुरी तरह फंस गया। घटना की जानकारी मौके पर मौजूद लोगों ने 112 डायल को दी। सूचना मिलते ही टिकरिया पुलिस और 112 डायल के कर्मी घटना स्थल पर पहुंचे। टिकरिया पुलिस मामला दर्ज कर हादसे की जांच कर रही है।

जानकारी अनुसार एनएच 30 मार्ग में नारायणगंज के ग्राम सहजनी के पास एक तेज रफ्तार हाईवा जबलपुर की ओर ज रहा था। इसी दौरान हाईवा वाहन अचानक अनियंत्रित हो गया और मार्ग से नीचे करीब 30 फिट गहरी खाई में जा गिरा। बताया गया कि वाहन में चालक रंजीत यादव 25 वर्ष जबलपुर निवासी और हेल्पर अंकित यादव 22 वर्ष वल्देबाग, जबलपुर निवासी थे। हादसे के बाद चालक जैसे तैसे वाहन से निकला। हादसे के बाद आसपास के लोग घटना स्थल पहुंचे और इसकी सूचना तत्काल टिकरिया पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 का स्टाफ तत्काल मौके पर पहुँचा। पुलिसकर्मियों ने स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद वाहन में फंसे हेल्पर को सुरक्षित बाहर निकाला गया। पुलिस ने बिना समय गंवाए घायल हेल्पर और वाहन के चालक को उपचार के लिए तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नारायणगंज पहुँचाया, जहाँ उसकी स्थिति पर डॉक्टर नजर बनाए हुए हैं।

बताया गया कि इस हादसे में वाहन के चालक और हेल्पर को ज्यादा चोटें नहीं आई है। हैल्पर अंकित यादव के हाथ और कलाई में चोट आई है। जिनका उपचार अस्पताल में चल रहा है। ग्रामीणों ने पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई और संवेदनशीलता की सराहना की है, जिससे समय रहते एक अनमोल जान बचाई जा सकी।

# डिवाइडर से टकराई बाइक, चालक की मौत

लखनादौन से लौटते समय तिलवारा हाईवे पर हुआ हादसा

**नवभारत,जबलपुर।** तिलवारा थाना अंतर्गत जल शोधन संयंत्र के सामने नागपुर-कटनी नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। इस भीषण सड़क हादसे में लखनादौन से लौट रहे 19 वर्षीय युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, लम्हेटा रोड चौकीताल निवासी अनुराग पटेल (16) ने पुलिस को सूचना कि उसका बड़ा भाई शिवम पटेल (19) डीजे संचालन का कार्य करता था। शिवम अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 20 जेड एक्स 4901 पर सवार होकर लखनादौन से वापस लौट रहा था। जैसे ही वह तिलवारा स्थित जल शोधन संयंत्र के पास पहुँचा, उसकी बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई और तेज रफ्तार में डिवाइडर से टकराते हुए लोहे की रेलिंग में जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि शिवम के माथे, नाक और सीने में गंभीर अंदरूनी चोटें आईं। राहगीरों की सूचना पर तत्काल 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुँची और घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया जहां करीब एक घंटे बाद शिवम ने दम तोड़ दिया। हादसे में शिवम की मोटरसाइकिल भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। पुलिस ने मृतक के भाई की सूचना पर पंचनामा कार्यवाही की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अब दुर्घटना के कारणों की विस्तृत जांच कर रही है ।

प्रवेशोत्सव

विधायक नारायण सिंह पट्टा ने छात्र-छात्राओं को वितरित की साइकिलें और पुस्तकें

# घुघरी में तिलक लगाकर हुआ विद्यार्थियों का स्वागत






**घुघरी, नवभारत।** नये शिक्षा सत्र के शुभारंभ के अवसर पर आज 1 अप्रैल को करीब 2 बजे,शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और संदीपनी विद्यालय घुघरी में भव्य 'प्रवेशोत्सव' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल पहुंचे छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया गया और उन्हें अगली कक्षा में प्रवेश दिलाकर उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक श्री नारायण सिंह पट्टा उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए ज्ञान और शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। विधायक जी ने कहा कि शिक्षा ही वह सशक्त माध्यम है जिससे समाज और राष्ट्र की दिशा बदली जा सकती है। उन्होंने बच्चों को निरंतर सीखने और लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने के लिए प्रेरित किया।

**साइकिल पाकर खिले विद्यार्थियों के चेहरे**-प्रवेशोत्सव के दौरान शासकीय नियमानुसार उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को अगली कक्षा की पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के अंत में विधायक श्री पट्टा द्वारा संदीपनी विद्यालय के छात्र-छात्राओं को साइकिलों का वितरण भी किया गया, जिससे विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे।

**जनप्रतिनिधियों और शिक्षकों की रही उपस्थिति**-इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अरविंद कुशराम, विधायक प्रतिनिधि नेतराम साहू, भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष लकी (मोहन) सोनी, मेवा धुर्वे, श्याम सुन्दर अग्रवाल, कमलेश द्विवेदी, सुनील झरिया, कन्या हायर सेकेंडरी की प्राचार्य दुलारी सैयाम, संदीपनी विद्यालय के प्राचार्य एम.के. चौधरी, एस.पी. साहू एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं और भारी संख्या में छात्र-छात्राएं सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन सामूहिक उत्साह और शिक्षा के प्रति नए संकल्प के साथ हुआ।

### उदयपुर में तिलक और माला से हुआ नए छात्रों का अभिनंदन



**उदयपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उदयपुर के स्कूल परिसर में आयोजित इस स्वागत समारोह में नए छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर और माला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर शिक्षकों और नगर के गणमान्य नागरिकों ने विद्यार्थियों का मुंह मीठा कराकर उन्हें उज्जवल भविष्य का आशीर्वाद दिया। समारोह के दौरान शासन की योजना के अनुरूप सभी कक्षाओं के छात्र-छात्राओं को नि :शुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया। प्राचार्य और वरिष्ठ शिक्षकों ने विद्यार्थियों को नए सत्र के लिए मेहनत और अनुशासन के साथ पढ़ाई करने का मार्गदर्शन दिया।

**मेधावी छात्र हुए सम्मानित**-कार्यक्रम में कक्षा 9वीं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मोनिका यादव, शमशुन निशा और भूपेंद्र धूमकेतु का सम्मान किया गया। वहीं कक्षा 11वीं में टॉप करने वाली यशोदा मरदरिया, आरती धुर्वे और साक्षी खैरवार को तिलक लगाकर और मिठाई खिलाकर प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर ग्राम के उपसरपंच जगदीश यादव, समाजसेवी व पत्रकार अब्दुल समद, स्कूल प्राचार्य एसके यादव सहित डीपी यादव, राकेश लोधी, सुशील शिवहरे, नितिन मसूरकर, अनिल किराडे, प्रियांशु बुंदेले, सुभद्रा चौहान, संगीता जैन, एनके मरकाम, वंदना सिंगरोले, पूजा सिंह, कीर्ति साहू एवं समस्त शिक्षकगण व नागरिक उपस्थित रहे।

### लिमरूआ में उत्साह के साथ मनाया गया प्रवेशोत्सव



**लिमरूआ।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लिमरूआ में नवीन शैक्षणिक सत्र के अवसर पर प्रवेशोत्सव कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल रहा, जहाँ अतिथियों और शिक्षकों ने नए सत्र में प्रवेश करने वाले छात्र-छात्राओं का आत्मीय स्वागत किया। समारोह में मुख्य रूप से ग्राम पंचायत लिमरूआ के उपसरपंच मुकेश जंघेला, वरिष्ठ पंच मनोहरलाल तेकाम, पालक शिक्षक संघ के अध्यक्ष मिट्ठनलाल चौहान और बसंत जंघेला सहित अनेक पालकगण उपस्थित रहे। अतिथियों के स्वागत के बाद विद्यालय की सभी कक्षाओं के छात्र-छात्राओं को शासन की योजना के तहत नि :शुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया। इस दौरान अतिथियों ने विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए आगामी सत्र में और अधिक कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर विद्यार्थियों को भोपाल में आयोजित मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी दिखाया गया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षक संजीव दुबे द्वारा किया गया। इस अवसर पर स्कूल स्टाफ से सोनी मैडम, कछवाहा मैडम, रिचा कौर मैडम, सदन सिंगौर सर, हरदहा सर, विवेक चौरसिया सर, कृष्णा दुबे सर, चौबे मैडम, चंद्रौल मैडम सहित समस्त कार्यालयीन स्टाफ और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।